**सी.एस.आई.आर- केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान, बिलासपुर क्षेत्रीय केंद्र**
(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद, नयी दिल्ली)
27, खोली चौक, बिलासपुर, छतीसगढ़, पिन- 495001

No. CIMFR/PA/09-100717-MKS(RU)/R&A-II दिनांक : 21/07/2017

**संक्षिप्त विज्ञापन**

सी.एस.आई.आर- केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान के बिलासपुर क्षेत्रीय केंद्र, खोली चौक, बिलासपुर, छतीसगढ़ में समयबद्ध परियोजना के अंतर्गत दिनांक 09/08/2017 से दिनांक 11/08/2017 तक भूगर्भशास्त्र और रसायन शास्त्र विषय में अर्हक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों हेतु परियोजना सहायक स्तर - I व II के लिए, पूर्णतः अस्थायी एवं संविदात्मक (Temporary & Contractual Post) रूप में आबन्ध हेतु एक चलंत साक्षात्कार/वाक इन इंटरव्यू (Walk -In-Interview) का आयोजन पूर्वाहन 10.00 बजे से किया जा रहा हैं।

वाक इन इंटरव्यू ( Walk-In-Interview) का स्थान : बिलासपुर क्षेत्रीय केंद्र, 27 खोली चौक, बिलासपुर, छतीसगढ़
आवेदन प्रपत्र सहित अन्य विस्तृत विवरण संस्थान के कुंज (वैबसाइट) www.cimfr.nic.in पर उपलब्ध हैं ।

मनोज कुमार सेठी
वैज्ञानिक प्रभारी 21/07/2017

**सी.एस.आई.आर- केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान, बिलासपुर क्षेत्रीय केंद्र**

(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद, नयी दिल्ली)

27, खोली चौक, बिलासपुर, छतीसगढ़, पिन- 495001

संख्या : CIMFR/PA/09-100717-MKS(RU)/R&A-II दिनांक :21/07/2017

# विज्ञापन

सी.एस.आई.आर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान के बिलासपुर क्षेत्रीय केंद्र, खोली चौक,विलासपुर, छतीसगढ़ में समयबद्ध परियोजना के अंतर्गत दिनांक 09/08/2017 को परियोजना सहायक स्तर - II के लिए भूगर्भशास्त्र व रसायन शास्त्र (दोनों विषय) और परियोजना सहायक स्तर -I के लिए दिनांक 10/08/2017 एवं 11/08/2017 को क्रमशः भूगर्भ शास्त्र व रसायन शास्त्र विषय का पूर्णतः अस्थायी एवं संविदात्मक (Temporary & Contractual Post) रूप में आबन्ध हेतु एक चलंत साक्षात्कार/वाक इन इंटरव्यू (Walk-In-Interview) का आयोजन पूर्वाहन 10.00 बजे से किया जा रहा हैं। अन्य विवरण निम्नवत हैं :

**1. पद का नाम : परियोजना सहायक स्तर- I,**

**पद की संख्या : 40** **मानदेय : रु 15000/- (रुपये पंद्रह हज़ार मात्र)**

| Subject/Area | No. of Post | Essential Qualification with minimum 55% marks |
|---|---|---|
| भूगर्भशास्त्र | 25 | भूगर्भशास्त्र में स्नातक अथवा प्रतिष्ठा |
| रसायनशास्त्र | 15 | रसायनशास्त्र में स्नातक अथवा प्रतिष्ठा |

**2. पद का नाम : परियोजना सहायक स्तर- II**

**पद की संख्या : 10** **मानदेय : रु 25000/- (रुपये पच्चीस हज़ार मात्र)**

| Subject/Area | No. of Post | Essential Qualification with minimum 55% marks |
|---|---|---|
| भूगर्भशास्त्र/अनुप्रयुक्त भूगर्भशास्त्र | 08 | भूगर्भशास्त्र/अनुप्रयुक्त भूगर्भशास्त्र में स्नातकोत्तर |
| रसायनशास्त्र/अनुप्रयुक्त रसायनशास्त्र | 02 | रसायनशास्त्र/अनुप्रयुक्त रसायनशास्त्र में स्नातकोत्तर |

**परियोजना शीर्षक/संख्या** : SSP-7398,

साक्षात्कार की तिथि :दिनांक **09**/08/2017, परियोजना सहायक स्तर - II, विषय : भूगर्भ-शास्त्र और रसायनशास्त्र

दिनांक **11**/08/2017, परियोजना सहायक स्तर - I, विषय : भूगर्भ-शास्त्र

दिनांक **10**/08/2017, परियोजना सहायक स्तर - I, विषय : रसायनशास्त्र

- आयु : **साक्षात्कार की तिथि** को परियोजना सहायक स्तर- I के लिए **28** वर्ष व परियोजना सहायक स्तर- II के लिए को **30** वर्ष से अधिक ना हो। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/शारीरिक रूप से विकलांग/महिला एवं अन्य सांविधिक समूह के उम्मीदवारों को आयु में नियमानुसार छूट दी जाएगी।

- परियोजना सहायक के कार्यकाल की अवधि: प्रारम्भिक छह (06) माह तक के लिए लिए होगी , जो परियोजना समाप्ति या अधिकतम पाँच वर्ष की अवधि तक विस्तारित की जा सकती हैं ।
- साथ ही यथा संभव रहने की व्यवस्था संस्थान परिसर या परियोजना कार्यस्थल पर की जाएगी अन्यथा संस्थान की समिति के द्वारा निर्णीत आवास किराया भत्ता देय होगा ।

इक्छुक योग्यता प्राप्त उम्मीदवार, संस्थान के वैबसाइट www.cimfr.nic.in पर **उपलब्ध आवेदन प्रपत्र** को प्रवेश से पूर्व अपने संबंधित सभी प्रमाण-पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित छाया प्रति के साथ विधिवत भरकर (जिसमे पासपोर्ट फोटो, विज्ञापन संख्या, अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, लिंग, सभी शैक्षणिक योग्यता का संक्षिप्त विवरण, श्रेणी (अनुसूचिंत जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/सामान्य), जो भी लागू हो, दोनों पता (स्थायी व अस्थायी), मोबाइल नंबर, बड़े अक्षर में **ई-मेल का स्पष्ट पता**, अनुभव (यदि कोई हो), वर्णित कर संलग्न किया जाना  आवश्यक हैं । साक्षात्कार में शामिल होने के लिए पात्रता हेतु उम्मीदवार अपने प्रमाण-पत्रों की **मूल प्रतियाँ** जांच के लिए अवश्य प्रस्तुत करें । सी.एस.आई.आर- केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान, के पूर्व में वर्णित निर्धारित स्थान, तिथि व समय पर पहुँच कर आवेदन जमा कर दें। इसके अलावा संस्थान की आवश्यकतानुसार उपर्युक्त परियोजना या अन्य किसी चालू /प्रस्तावित परियोजनाओं की संभावित आवश्यकता के लिए एक प्रतीक्षा सूची तैयार की जाएगी । चयनित परियोजना सहायकों की तैनाती, परियोजना की आवश्यकता के अनुसार संस्थान या परियोजना कार्यस्थल पर की जा सकती हैं । वैसे उम्मीदवार, जिनके पास ऊपर वर्णित तिथि को उपयुक्त योग्यता नही हैं, उन्हें साक्षात्कार के लिए अयोग्य माना जाएगा। साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा-भत्ता देय नही होगा। साक्षात्कार में हिन्दी राष्ट्रभाषा का प्रयोग सम्प्रेषण के माध्यम के रूप में किया जा सकता हैं । चुने गए अभ्यर्थी को इस संस्थान द्वारा सिर्फ स्वयं के लिए संस्थान के चिकित्सालय में नियमानुसार चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह अधिसूचना संस्थान के कुंज (वैबसाइट) www.cimfr.nic.in पर भी उपलब्ध हैं ।

मनोज कुमार सेठी

वैज्ञानिक प्रभारी/प्रशासनिक अधिकारी 21/07/2017

प्रति :

1. संस्थान के सभी सूचना पट्ट
2. प्रमुख, सूचना प्रोद्योगिकी केंद्र, दोनों परिसर, संस्थान के कुंज (वैबसाइट) पर भारित किए जाने हेतु